# प्लास्टिक मैन्युफेक्चरर्स एशोसियेशन राजस्थान

एफ-9, आशीर्वाद काम्प्लेक्स,3-सैन्ट्रल स्पाईन, विधाधर नगर, जयपुर-39

**क्रमांक-पीएमएआर /जयपुर/2018-19** **दिनांक : 03-06-2018**

## 33 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय सदस्यगण,

प्लास्टिक मैन्युफेक्चरर्स एशोसियेशन राजस्थान की 33 वी वार्षिक साधारण सभा में सभी उपस्थित सभासदों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ. मै वर्ष 2017-18 की गतिविधियों का लेखा-जोखा आपके समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ.एशोसियेशन की वर्ष 2017-18 की कार्यकारिणी का गठन दिनांक 28-05-2017 को होटल लेमन ट्री प्रीमियर , निर्वाण मार्ग, बनी पार्क जयपुर में हुआ था. कार्यकारिणी की प्रथम वार्षिक सभा दिनांक 22-06-2017 को होटल लेमन ट्री प्रीमियर , निर्वाण मार्ग, बनी पार्क जयपुर में संपन्न हुई व शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री रामचरण जी बोहरा द्वारा नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई. कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि श्री अरुण जी अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष फोर्टी)एवं श्री डी.के.अग्रवाल (उप महा प्रबंधक एन.एस.आई.सी) भी उपस्थित थे.

कार्यकारिणी की दूसरी सभा दिनांक 15 जुलाई 2017 को एशोसियेशन कार्यालय में बुलाई गयी जिसमे कार्यकारिणी समिति के लिए निम्न लिखित पांच को- आप्टेड सदस्यों का चयन वर्ष 2017-18 के लिए किया गया:-

**सहयोजित सदस्य (Co-OptedMembers)**:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री श्रवण अग्रवाल | आनंद प्लास्टिक इंडस्ट्रीज | 9414057602 |
| 2. | श्री निर्मल जैन | सन्मतिमिनरल एंड कैमिकल इंड. | 9829058532 |
| 3. | श्री राजेश बंसल | कान्हा एग्रो इंडस्ट्रीज | 9950996528 |
| 4. | श्री जगदीश शर्मा | श्री श्याम स्टील इंडस्ट्रीज | 9414250839 |
| 5. | श्री राधेश्याम शर्मा | रामा एग्रो इंडस्ट्रीज | 9828046405 |

नई कार्यकारिणी समिति ने एशोसियेशन के कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वर्ष 17-18 के लिये निम्नलिखित उपसमितियों का गठन कर पदाधिकारी एवं सदस्यों का चयन किया गया:-

1.<u>पर्यावरण उप समिति</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संजय धानुका | मारुति उधोग | चेयरमेन |
| 2. | श्री आर.के.गुप्ता | पर्ल पोलिपेक | सदस्य |

2.**एक्जीबिशन /सेमीनार/इवेन्ट एवं सावन की गोठ उप समिति**

| क्र.सं. | नाम सदस्य | नाम ईकाई | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कृष्ण गोपाल गुप्ता | अनीता प्लास्टिक्स | चेयरमेन |
| 2. | श्री विनोद अग्रवाल | श्री श्याम पोलीमर्स | सदस्य |
| 3. | श्री कमल शर्मा | एस.के.ट्रेडिंग कंपनी | सदस्य |
| 4. | श्री मुकेश अग्रवाल | श्री जगदम्बा एन्टरप्राइजेज | सदस्य |
| 5. | श्री भैरू राम डागर | डागर इंडस्ट्रीज प्रा.लि. | सदस्य |
| 6. | श्री श्रवण अग्रवाल | आनंद प्लास्टिक इंडस्ट्रीज | सदस्य |
| 7. | श्री शिव अग्रवाल | श्री सांवरिया कैमिकल्स | सदस्य |
| 8. | श्री संजय सक्सेना | एक्यूरेट टेक्नोलांजी | सदस्य |

3.**राजकीय सम्पर्क उप समिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | श्री राजेश बंसल | कान्हा एग्रो इंड. | चेयरमेन |
| **2.** | श्री संजय सक्सेना | एक्यूरेट टेक्नोलांजी | सदस्य |
| **3.** | श्री आर.एन.सिंह | संतोष पोलीमर्स | सदस्य |

4.**संविधान संशोधन समिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामा नन्द मोदी | आर.एन.इंडस्ट्रीज | चेयरमेन |
| 2. | श्री ओ.पी.माहेश्वरी | मिनी प्लास्ट | सदस्य |
| 3. | श्री राजेश बंसल | कान्हा एग्रो इंड. | सदस्य |

5.**वेबसाईट समिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री शिव अग्रवाल | श्री सांवरिया कैमिकल्स | चेयरमेन |
| 2. | श्री संजय शर्मा | विनायक एग्रो इंड. | सदस्य |
| 3. | श्री नवीन गुप्ता | श्री अम्बिका उधोग | सदस्य |
| 4. | श्री विजेश शर्मा | श्री राधे इंडस्ट्रीज | सदस्य |

अब मै वर्ष 2017-18 के कार्यकाल में हुवे कार्यो के बारे में जानकारी प्रस्तुत कर रहा हूँ जो निम्न प्रकार है:-

- चाइनाप्लास्ट-2017 का आयोजन दिनांक 16 मई से 19 मई को गुनजाओ (GUANGZHOU) में संपन्न हुआ इसमें एशोसियेशन के 27 सदस्यों ने हिस्सा लिया.
- टी-प्लास्ट का आयोजन दिनांक 21 जून से 24 जून को बैंकाक में संपन्न हुआ इसमें एशोसियेशन के 18 सदस्यों ने भाग लिया.
- दिनांक 15-06-17 को GST में HSN कोड एवं रेट के स्पस्टीकरण के लिए एशोसियेशन कार्यालय में HDPE PIPE AND FITTING MANUFACTURER'S की मीटिंग का आयोजन किया गया और एक कमेठी गठित की गयी जिसमे श्री राजेश बंसल को अध्यक्ष बनाया गया एवं इस मामले पर आगे की कार्यवाही उनकी अध्यक्षता में किये जाने का निर्णय लिया गया.
- उपरोक्त सन्दर्भ में दिनांक 19-06-2017 को पुनः मीटिंग की गयी एवं श्री संजय धानुका एवं श्री राजेश बंसल की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल ने श्रीमान अरुण जी जेटली(माननीय वित् मंत्री भारत सरकार),श्री हसमुख गाडिया(वित् सलाहकार),श्री अलोक गुप्ता (आयुक्त जीएसटी),एवं श्री अर्जुन मेघवाल(वित् राज्य मंत्री) को ज्ञापन दिया एवं सभी समस्याओ से अवगत करवाकर शीघ्र समाधान करने की अपील की.
- दिनांक 22-06-2017 को होटल लेमन ट्री प्रीमियर,निर्वाण मार्ग, बनी पार्क जयपुर में जीएसटी पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया. इस सेमीनार में श्री जतिन हरजाई सी.ए. द्वारा जीएसटी के बारे में जानकारी दी गई. उपस्थित सदस्यों ने उनसे अपनी समस्याओ के बारे में प्रश्न पूछे जिसका उन्होंने जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया. उसके पश्चात टैली सोफ्टवेयर प्रदाता कंपनी द्वारा जीएसटी के टेली के नए वर्जन में प्रविष्टी करने के बारे में सभी सदस्यों को जानकारी प्रदान की.इस कार्यक्रम में 400 के करीब सदस्यों ने उपस्थित होकर लाभ प्राप्त किया.

- दिनांक 17-03-2018 को PMAR की तरफ से अध्यक्ष श्री संजय धानुका, श्री संजय सक्सेना,श्री संजय शर्मा एवं श्री विजेश शर्मा ने माननीय मेयर जयपुर श्री अशोक लाहोटी जी द्वारा आयोजित 2nd SMART CITY CORNIVAL प्रोग्राम में हिस्सा लिया.
- CIPET, JAIPUR (NORTH ZONE) का स्वर्ण जयंती समारोह दिनांक 17 फरवरी 2018 को संपन्न हुवा इसमे श्री संजय धानुका को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था. इस कार्यक्रम में श्री प्रवीन लाट, श्री सुमेर सिंह एवं श्री संजय सक्सेना ने भी भाग लेकर एवं इस कार्यक्रम में सहयोग भी प्रदान किया.

**EXIHIBITION & PROMOTIONAL PROGRAMME**:-

- लघु उधोग भारती द्वारा दिनांक 5 जनवरी से 8 जनवरी-2018 तक भारतीय ओधोगिक प्रदर्शनी-2018 का आयोजन JECC,सीतापुरा जयपुर में किया गया इसमें PMAR के सदस्यों ने भी अपनी स्टाल लगाकर अपने उत्पाद प्रदर्शित किये.
- PLASTINDIA-2018 के प्रमोशन प्रोग्राम का आयोजन 16 नवम्बर 2017 को कोटा में HOTEL COUNTRY INNS & SUIT में किया गया इसमें 123 उधमियो ने हिस्सा लिया एवं दिनांक 17 नवम्बर 2017 जोधपुर में HOTEL THE FERN RESIDENCY में किया गया इसमें 66 उधमियो ने हिस्सा लिया. जयपुर में यह प्रोग्राम दिनांक 22 दिसंबर 2017 को होटल मेरियट में संपन्न हुवा यहाँ पर 900 के लगभग उधमियो ने भाग लिया.
- PLAST INDIA-2018 का प्रदर्शनी आयोजन 7 फ़रवरी से 12 फ़रवरी को गांधीनगर (गुजरात) में हुवा इस प्रदर्शनी में आयोजको ने एक स्टाल एशोसियेशन को निशुल्क उपलब्ध करायी उसके लिए हम उनको धन्यवाद देते है.इस बार राजस्थान से बड़ी संख्या में उधमियो ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ प्राप्त किया.
- इस वर्ष भी विभिन्न संस्थाओ -राजस्थान चेम्बर ऑफ़ कामर्स,युकोरी(यूनाइटेड काउन्सिल आफ राजस्थान इंडस्ट्रीज),दी एम्प्लोयार्स एशोसियेशन ऑफ़ राजस्थान एवं फोर्टी द्वारा PMAR के पदाधिकारियों को समय समय पर अपने प्रोग्राम में आमंत्रित किया एवं PMAR के पदाधिकारियों ने भी भाग लेकर एशोसियेशन की उपस्थिति दर्ज की.

**वेब साईट**:

- PMAR की वेब साईट का पिछले साल नवीनीकरण किया गया था उसमे समय समय पर अपग्रेडेशन होता रहता है.मेरा सभी सदस्यों से अनुरोध हें की अपनी इकाई का विवरण चेक कर लेवे एवं उसमे कोई त्रुटी हो तो एशोसियेशन आफिस में अवगत करवाए जिससे उसमे सुधर किया जा सके.

**<u>सामूहिक गोठ</u>** :

- हर वर्ष की भांति  इस वर्ष भी सदस्यों के आमोद प्रमोद के लिए पारिवारिक सामूहिक गोठ का आयोजन दिनांक 27 अगस्त 2017 को गजराज-21,लोहा मंदी रोड जयपुर में किया गया. इस कार्यक्रम में 900 के लगभग सदस्यों एवं आमंत्रित मेहमानों ने हिस्सा लिया. गोठ में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेलकूद,मनोरंजन,हाउजी इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गए एवं पुरस्कार भी वितरित किये गए. इस बार प्रथम इनाम में एक स्कूटर प्रदान किया गया,यह इनाम हीरो मोटो कोर्प द्वारा दिया गया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गणमान्य सदस्यों ने,कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया.प्लास्ट इण्डिया-2018 प्रमोशन कमिटी से भी दो लाख रुपये की राशी सहयोग के रूप में प्राप्त हुई.मै इन सभी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ एवं भविष्य में भी कामना करता हूँ की एशोसियेशन के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते रहेंगे.

**विशेष साधारण सभा** :

कार्यकारिणी समिति द्वारा मीटिंग में लिए गए निर्णय के अनुसार विशेष साधारण सभा दिनांक 25-03-2018 को होटल ग्लेक्सी इन्न,सीकर रोड जयपुर में आयोजित की गयी इसमें दो प्रस्तावों पर सभासदों से निर्णय लिया जाना प्रस्तावित था.

1. एशोसियेशन का वर्तमान कार्यकाल एक वर्ष (अप्रेल-मार्च)तक होता है. हमारे चुनाव लगभग मई के अंतिम सप्ताह तक होते हें अतः नयी आने वाली कार्यकारिणी को समय कम मिल पाता हें जिससे एशोसियेशन में प्रगति समन्धित  कार्य नहीं हो पाते हें.अतः वर्ष 18-19 से होने वाले चुनाव से कार्यकारिणी का कार्यकाल एक साल से बढाकर दो वर्ष किया जाना चाहिए.

इस पर सभी सभासदों के मिश्रित प्रतिक्रिया रही, सभा में उपस्थित चारो पूर्व अध्यक्ष भी एकमत नहीं हो सके. इस प्रस्ताव पर मतदान कराया गया कुल 95 सदस्यों ने मतदान किया इस प्रस्ताव के पक्ष में 45 एवं विरोध में 50 मत प्राप्त हुवे जिसके फलस्वरूप यहाँ प्रस्ताव ख़ारिज किया गया.

- दूसरा प्रस्ताव एशोसियेशन के सभी सदस्यों के जी एस टी नंबर होना अनिवार्य किया जाना प्रस्तावित हें.

इस प्रस्ताव पर भी मिश्रित प्रातक्रिया रही इस प्रस्ताव पर भी मतदान हुवा कुल 95 सदस्यों ने मतदान किया. इस प्रस्ताव के पक्ष में 68 मत प्राप्त हुवे एवं विरोध में 27 मत प्राप्त हुवे अतः यह प्रस्ताव पास हुवा. सभासदों के विचारो को ध्यान में रखते हुवे यह निर्णय लिया गया की जो पुराने सदस्य हें जिनके पास जी एस टी नंबर नहीं हें एवं वह इस उधोग में कार्यरत हें वह अपनी इकाई/फर्म के लेटरपेड पर स्व-घोषित (SELF-DECLARATION) दे देवे की हमारा टर्न ओवर जी एस टी की सीमा से कम हें और हम वर्तमान में कार्यरत हें. इस प्रकार बगेर जी एस टी वाले सदस्य मतदान कर सकेंगे परन्तु चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे.

**<u>नए सदस्यों का आगमन</u>** :

PMAR के वर्ष 2017-18 में आजीवन 13 सदस्यों ने व् वार्षिक 32 सदस्यों ने सदस्यता गृहण की. एशोसियेशन सभी नए सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन कराती है.

**<u>कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक में उपस्थिति</u>** :

वर्ष 2017-18 में कार्यकारिणी की कुल 8 सभाये हुई जिसमे कार्यकारिणी के सदस्यों ने समय समय पर भाग लिया. सदस्यों की बैठक में उपस्थिति निम्न प्रकार रही.

| क्र.सं. | नाम सदस्य /पद | उपस्थिति प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. | श्री संजय धानुका ,अध्यक्ष | 100% |
| 2. | श्री सुमेर सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष | 100% |
| 3. | श्री पुष्कर बंसल,उपाध्यक्ष | 87.50% |
| 4. | श्री गिरधर गोपाल गुप्ता,महासचिव | 100% |
| 5. | श्री संजय सक्सेना , संयुक्त सचिव | 100% |
| 6. | श्री संजय शर्मा ,कोषाध्यक्ष | 87.50% |
| **कार्यकारिणी सदस्य** | | |
| 1. | श्री डी.पी.सक्सेना | 62.50% |
| 2. | श्री कमल कुमार शर्मा | 87.50% |
| 3. | श्री कप्तान सिंह | 100% |
| 4. | श्री कृष्ण गोपाल गुप्ता | 87.50% |
| 5. | श्री नवीन गुप्ता | 25% |
| 6. | श्री आर.एन.सिंह | 50% |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | श्री राम प्रताप सैनी | 62.50% |
| 8. | श्री शिव कुमार अग्रवाल | 50% |
| 9. | श्री विजेश शर्मा | 100% |
| 10. | श्री विनोद कुमार अग्रवाल | 100% |
| **को- आप्टेड मैम्बर** | | |
| 1. | श्री श्रवण अग्रवाल | 66.67% |
| 2. | श्री निर्मल जैन | 33.33% |
| 3. | श्री राजेश बंसल | 16.67% |
| 4. | श्री जगदीश शर्मा | 50% |
| 5. | श्री राधेश्याम शर्मा | 83.33% |

*अंत में कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने एशोसियेशन के कार्य को सुव्यवस्थित चलने में भरपूर सहयोग प्रदान किया. किसी कार्य को करते हैं तो उसमे गलतिया भी होती है, उसके लिए में सदस्यों से क्षमा चाहता हूँ एवं एशोसियेशन की उतरोतर प्रगति के पथ पर चलने की कामना करता हूँ.*

*मै नयी आने वाली कार्यकारिणी को अग्रिम बधाई देता हूँ व विशवास दिलाता हूँ की मेरे द्वारा जो भी सहयोग हो सकेंगा मै पूर्ण रूप से करूँगा.*

॥जय हिन्द ॥

***03 जून,2018***

(गिरधर गोपाल गुप्ता )

महासचिव